न्यूज इनबॉक्स

प्रेमचंद के साहित्य पर संगोष्ठी आज जालंधर में

जालंधर | डीएवी कॉलेज जालंधर के हिन्दी विभाग के सौजन्य से शुक्रवार सुबह 11 बजे वर्तमान में प्रेमचंद के साहित्य की प्रासंगिकता विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। इसमें इन्दिरा गांधी नेशनल ओपन यूनिवर्सिटी दिल्ली के प्रोफेसर डॉ. जितेन्द्र श्रीवास्तव मुख्य वक्ता होंगे। इनके अलावा डॉ. ऊषा उप्पल, डॉ. बलविंदर सिंह और प्रो. अशमिंदर कौर भी संबोधित करेंगे।

कबड्डी लीग के मैच आज से जालंधर में शुरू

जालंधर | बर्ल्टन पार्क के सुरजीत हॉकी स्टेडियम में 19, 20 और 21 सितंबर को होने वाले कबड्डी लीग के छह मैचों में दर्शकों एंट्री फ्री होगी। वीरवार को डीसी कमल किशोर यादव और वर्ल्ड कबड्डी लीग के कमिश्नर परगट सिंह ने तैयारियों का जायजा लिया। पहला मैच शाम छह बजे से रॉयल किंग यूएसए और वैंकूवर लायंस के बीच और दूसरा मैच शाम साढ़े सात बजे से लाहौर लायंस और कैलिफोर्निया ईगल के बीच होगा।

सीआरपीएफ को पंजाब पुलिस ने 3-1 से हराया

संगरूर | पंजाब पुलिस ने पंजाब फुटबॉल सुपर लीग में वीरवार सीआरपीएफ को 3-1 से हरा दिया। वार हीरोज स्टेडियम में खेले गए मैच के फर्स्ट हाफ में पंजाब पुलिस के जसविंदर सिंह ने 16वें मिनट में गोल करके अपनी टीम को लीड दिलाई। 35वें मिनट में सीआरपीएफ के अनूप सिंह ने गोल उतार दिया। सैकेंड हाफ में पंजाब पुलिस के जसविंदर सिंह ने 15वें मिनट में गोल करके टीम को फिर बढ़त दिला दी। गुरतेज सिंह ने 32वें मिनट में पुलिस के लिए तीसरा गोल ठोक दिया।

बसपा को मजबूत करने की मीटिंगें आज से शुरू

जालंधर | बसपा के प्रदेश प्रवक्ता बलविंदर कुमार ने बताया कि पार्टी कैडर को प्रदेश में मजबूत करने के लिए लोकसभा हलकों में 19 सितंबर से मीटिंगें शुरू की जा रही हैं। इनमें प्रदेश इंचार्ज प्रकाश भारती और प्रदेश प्रधान अवतार सिंह करीमपुरी शामिल होंगे। मीटिंगों में पार्टी संगठन को मजबूत करने पर विचार-विमर्श किया जाएगा। पहली मीटिंग होशियारपुर में होगी।

अंडर ट्रायल कैदी ने फिनाइल पी

बठिंडा | केंद्रीय जेल में बंद अंडर ट्रायल कैदी ने फिनाइल पी ली। उसे सिविल अस्पताल में दाखिल करवाया गया जहां उसकी हालत खतरे से बाहर है। रेप के आरोपी शहर के गुरुनानक पुरा के कालू ने वीरवार सुबह सफाई मुलाजिम की गैरहाजिरी में टायलेट में रखी फिनाइल पी ली।

अपोलो अमृतसर में अस्पताल खोलेगा

बीएसए का भी सुखबीर से राजपुरा में साइकिल प्लांट लगाने का वादा

भास्कर न्यूज | चंडीगढ़

देश के दूसरे सबसे बड़े साइकिल निर्माता मुरुगप्पा अपनी साइकिल कंपनी बीएसए का प्लांट राजपुरा में लगाएंगे जबकि अपोलो ग्रुप अमृतसर में अस्पताल खोलने का इच्छुक है। निवेश की यह बड़ी सफलता डिप्टी सीएम सुखबीर बादल को उस समय मिली जब वीरवार को चेन्नई में वह इन दोनों ग्रुपों के प्रतिनिधियों से मिले।

अपने दो दिवसीय दौरे के पहले दिन मुरुगप्पा के चेयरमैन एल रामकुमार ने सुखबीर को बताया कि उनके ग्रुप का मोहाली में ट्यूब बनाने का पहले ही प्लांट लगा हुआ है और अब वह राजपुरा में विश्व स्तरीय साइकिल का प्लांट भी लगाना चाहते हैं। रामकुमार ने कहा, कंपनी ने पहले ही इस प्रोजेक्ट के लिए दो सौ करोड़ रुपए तय कर लिए हैं और अब कंपनी यूनिट के लिए आवश्यक 60 से 70 एकड़ जमीन की तलाश कर रही है। रामकुमार ने कहा, पंजाब में मजदूरों से संबंधित झगड़े न के बराबर हैं और अब राज्य सरकार द्वारा दिए जा रहे लाभ के चलते जल्द ही वहां प्लांट लगाएंगे। राजपुरा में साइकिल यूनिट स्थापित करने में हरसंभव सहायता प्रदान करने का वादा करते हुए सुखबीर बादल ने कहा, नई औद्योगिक नीति के तहत 80 फीसदी वैट कंपनी द्वारा रखने का फायदा मिलने से कंपनी को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने में आसानी होगी।

अपोलो की टीम जल्द पंजाब आएगी : सुखबीर ने अपोलो अस्पताल का भी दौरा किया। जहां वह ग्रुप की 31वीं वर्षगांठ में मुख्य मेहमान के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर ग्रुप के चेयरमैन प्रताप सी रेड्डी ने ऐलान किया कि वह अमृतसर में एक वर्ल्ड क्लास अस्पताल स्थापित करेंगे जिससे न सिर्फ पंजाबियों को लाभ होगा बल्कि एनआरआई को भी फायदा मिलेगा। रेड्डी ने कहा कि उनकी एक टीम पंद्रह दिनों के अंदर पंजाब का दौरा करेगी।

बड़ा निवेश : सुखबीर अपोलो ग्रुप के प्रताप रेड्डी और बीएसए साइकिल के रामकुमार को निवेश के लिए मनाने में सफल रहे।

अपोलो को यूनिवर्सिटी बनाने की भी पेशकश

अपोलो ग्रुप के चेयरमैन प्रताप सी रेड्डी ने जब कहा कि वह पंजाब में मेडिकल एजुकेशन का भी प्रसार करना चाहेंगे तो सुखबीर बादल ने कहा, सरकार अपोलो ग्रुप को इस काम के लिए राज्य में अपनी यूनिवर्सिटी कायम करने के लिए मंजूरी देने को तैयार है। सुखबीर शंकर नेत्रालय भी गए। उन्होंने संस्थान के चेयरमैन डॉ. टीएस सुरेंद्रन से पंजाब में भी ऐसा ही चेरिटेबल अस्पताल खोलने के लिए मदद मांगी। इसके अलावा वह टैफे ग्रुप की चेयरपर्सन और सीईओ मल्लिका श्रीनिवासन और ऑटो पार्ट बनाने वाले राने ग्रुप के चेयरमैन हरीश लक्ष्मण को भी मिले।

एसपी का मेडल वापस लेने के लिए राष्ट्रपति को पत्र

भास्कर न्यूज | मोहाली

एसपी सिटी मोहाली स्वर्णदीप सिंह को ब्रेवरी के लिए मिले राष्ट्रपति मेडल को वापस लेने के लिए एक केस के शिकायतकर्ता ने राष्ट्रपति को पत्र लिखा है। खन्ना के रणजीत सिंह ने उन पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए उन्हें सस्पेंड करने की मांग भी की है।

रणजीत सिंह ने कहा है कि पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट ने अगस्त में मोहाली के एसएसपी इंदरमोहन सिंह भट्टी को नोटिस जारी कर एसपी सिटी-1 स्वर्णदीप सिंह पर रिश्वत लेने के आरोप में कार्रवाई करने का ऑर्डर किया था पर उन्होंने कार्रवाई नहीं की। दरअसल फ्रॉड केस के मुदई रणजीत सिंह ने शिकायत दी थी कि मोहाली की एक इमिग्रेशन कंपनी ने सिंगापुर भेजने के नाम पर उससे ठगी की थी।

जब उसने पुलिस को शिकायत दी तो एसपी स्वर्णदीप सिंह और अन्य पुलिस मुलाजिमों ने इमिग्रेशन कंपनी के मालिकों से 1.60 लाख रुपए की रिश्वत लेकर केस को रफादफा कर दिया।

रेंट एक्ट मामलों पर कोर्ट में ही होगी सुनवाई

सरकार ने एसडीएम को दिए हक वापस लिए

भास्कर न्यूज | चंडीगढ़

पंजाब में रेंट एक्ट मामलों पर सुनवाई एक बार फिर कोर्ट ही करेंगी। पंजाब सरकार ने रेंट एक्ट को लेकर प्रोविजन में संशोधन को वापस ले लिया है जिसमें इन मामलों पर सुनवाई का अधिकार एसडीएम और ट्रिब्यूनल को दे दिया गया था। हाईकोर्ट ने सरकार के इस फैसले पर रोक लगा दी थी। सरकार द्वारा फैसला वापस लेने के बाद पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट ने इस संबंध में जनहित याचिका का निपटारा कर दिया।

पंजाब सरकार की तरफ से जवाब दायर कर कहा गया कि सबॉर्डिनेट ज्यूडिश्यरी को फर्स्ट अथॉरिटी के रूप में सुनवाई का अधिकार दिया गया है जबकि डिस्ट्रिक्ट जज को अपीलेंट अथॉरिटी का अधिकार दिया गया है।

पंजाब सरकार के पहले फैसले के खिलाफ राज्य के वकीलों ने विरोध प्रदर्शन भी किए थे। वकीलों का कहना था कि मकान मालिक और किराएदारों के बीच के विवाद पर एसडीएम को सुनवाई का अधिकार नहीं दिया जा सकता। पंजाब, हरियाणा और चंडीगढ़ में वकीलों की लाइसेंसिंग और कंट्रोलिंग अथॉरिटी बार काउंसिल ऑफ पंजाब एंड हरियाणा ने प्रोविजन में संशोधन को खारिज किए जाने को लेकर हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर की थी।

रश्मि आज इन्वेस्टिगेशन ज्वाइन करेगी

मोहाली | कॉलोनाइजर दविंदर सिंह गिल की पत्नी से छेड़छाड़ के मामले में पंजाब के सस्पेंडेड आईजी गौतम चीमा और जेएंडके के सस्पेंडेड डिफेंस इस्टेट ऑफिसर अजय चौधरी के साथ सहआरोपी रश्मि नेगी ने बताया है कि वह शुक्रवार को मोहाली पुलिस की इन्वेस्टिगेशन ज्वाइन करेगी। रश्मि को इस मामले में एडीजे तरसेम मंगला की कोर्ट से अंतरिम जमानत मिल चुकी है। कोर्ट ने उसे इन्वेस्टिगेशन 8 अक्टूबर तक ज्वाइन करने के निर्देश दिए थे।

भगवंत मान ने एक्सईएन को पब्लिक में लताड़ा

भास्कर न्यूज | बरनाला/भदौड़

सांसद भगवंत मान ने गांव मूम से छीनीवाल को जाती सड़क पर ड्रेन पर बने पुल के जमीन में धसने को लेकर मंडी बोर्ड के एक्सईएन गुरदीप सिंह की मौके पर बुला कर क्लास लगाई। काफी गिनती में मौजूद लोगों के बीच अफसर की लगी क्लास का वीडियो पूरा दिन वट्सअप पर छाया रहा।

गांव के एक लड़के ने कई महीनों से नीचे धंसे पुल की फोटो खींचकर भगवंत मान को वट्सअप पर डाल दी थी। मान ने मौके पर पहुंच कर अफसरों को बुलाकर खरी-खरी सुनाई। उन्होंने कहा कि सिर्फ खतरे का बोर्ड लगाने से सरकार की जिम्मेदारी पूरी नहीं होती। लोगों के मरने के बाद मृतकों के परिवारों को लाखों रुपए बांटने से बेहतर है कि पुल की मरम्मत करवाई जाए, जिससे कीमती जान बच सकें। इस मसले का हल जल्द न हुआ तो वह धरने पर बैठेंगे।

आतंकियों से ज्यादा अकाली जत्थेदारों से डरते हैं लोग : भगवंत मान ने वीरवार भदौड़ में कहा कि आतंकवादियों से ज्यादा अब लोग अकाली जत्थेदारों से डरते हैं। आतंकवादी तो गोली से मारते थे अकाली जत्थेदार हर रोज लोगों को नशे, भष्ट्राचार, रिश्वतखोरी से मार रहे हैं।

हरियाणा में दस सीटों पर प्रचार करेंगे : चुघ

भास्कर न्यूज | जालंधर

भाजपा के सीनियर लीडर तरुण चुघ ने कहा है कि हरियाणा चुनाव में पंजाब की लीडरशिप दस सीटों पर प्रचार करेगी। उन्होंने कहा कि अकाली दल द्वारा इनेलो के साथ मिलकर चुनाव लड़ने से पंजाब में भाजपा से रिश्तों पर कोई असर नहीं पड़ेगा। चुघ ने कहा कि इनेलो से मिलकर अकाली दल ने लोकसभा चुनाव लड़े थे। तब भाजपा ने सात लोकसभा सीटें जीती थीं।

चुघ ने दावा किया कि भाजपा 46 सीटें जीतेगी। हरियाणा में पंजाब भाजपा ने दो केन्द्र बनाए हैं। करनाल में पंजाब भाजपा के जनरल सेक्रेटरी जगतार सिंह तथा पानीपत मे जतिंदर कालड़ा इंचार्ज होंगे।

सुखबीर की याचिका पर इन्कम टैक्स विभाग को नोटिस

टाटा कैमलॉट प्रोजेक्ट को जमीन बेचने पर विभाग ने कई नेताओं से मांगा है टैक्स

भास्कर न्यूज | चंडीगढ़

टाटा कैमलॉट प्रोजेक्ट के लिए बेची गई जमीन पर टैक्स वसूलने के खिलाफ पंजाब के डिप्टी सीएम सुखबीर सिंह बादल की याचिका पर वीरवार को पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट ने इन्कम टैक्स डिपार्टमेंट को नोटिस जारी किया है।

हाईकोर्ट ने फिलहाल इस मामले में कैपिटल गेन टैक्स वसूलने पर अंतरिम रोक लगा रखी है। ऐसे में इन्कम टैक्स डिपार्टमेंट उन लोगों से कैपिटल गेन टैक्स नहीं वसूल पा रहा जिन्होंने टाटा कैमलॉट प्रोजेक्ट के लिए अपनी जमीनें बेची हैं। टाटा कैमलॉट प्रोजेक्ट में जमीन के बदले में नेताओं को एक 500 स्कवेयर यार्ड का प्लॉट और 82.5 लाख रुपए देने का फैसला लिया गया था। इन्कम टैक्स डिपार्टमेंट का कहना है कि नेताओं ने कंपनी को जमीन बेचकर जो कमाई की, उस पर टैक्स दिया जाए जबकि नेताओं का कहना है कि उन्हें पूरी राशि का भुगतान ही नहीं किया गया तो टैक्स की मांग करना अनुचित है। कैमलॉट प्रोजेक्ट पंजाब एमएलए कोऑपरेटिव हाउस बिल्डिंग सोसायटी की जमीन पर बन रहा है। सोसायटी के मेंबरों में कई बड़े राजनेता हैं।

प्रोजेक्ट के लिए उन्होंने अपनी जमीन बेच दी थी। विधायक परनीत कौर, पूर्व मंत्री निर्मल सिंह काहलों और पूर्व डिप्टी स्पीकर सतपाल गोसाईं, मौजूदा स्पीकर चरनजीत सिंह अटवाल और पूर्व मंत्री सुच्चा सिंह लंगाह ने पहले ही इन्कम टैक्स डिपार्टमेंट के टैक्स वसूले जाने संबंधी नोटिस को हाईकोर्ट में चुनौती दे रखी है। याचिका में नोटिस को गलत ठहराते हुए इसे खारिज करने की मांग की गई है। कहा गया है कि जमीन पर कब्जा दिया जा चुका है लेकिन जमीन की बिक्री की पूरी राशि का भुगतान नहीं किया गया है। ऐसे में टैक्स वसूली की मांग अनुचित है।

दविंदर गिल के प्रोडक्शन वारंट जारी

चंडीगढ़ | पूर्व पार्लियामेंटरी सेक्रेटरी राज खुराना से संबंधित भ्रष्टाचार मामले में सीबीआई की विशेष अदालत ने सहआरोपी दविंदर सिंह गिल के प्रोडक्शन वारंट जारी किए हैं। गिल इन दिनों जालसाजी के मामले में बुड़ैल जेल में बंद है। अदालत ने मामले में अगली सुनवाई 7 अक्टूबर को तय की है। खुराना और गिल की गिरफ्तारी सीबीआई ने सेक्टर 39 में राज खुराना के सरकारी आवास से की थी। सीबीआई ने घर के बाहर खड़ी कार से 15 लाख की नकदी व कई चेक बरामद किए थे। पंजाब ऑटोमोबाइल मैकेनिक एसोसिएशन के जनरल सेक्रेटरी मनप्रीत सिंह से 2 करोड़ रुपए रिश्वत मांगने व डेढ़ करोड़ रुपए की रिश्वत स्वीकारने को लेकर सीबीआई द्वारा यह केस दर्ज किया गया था। खुराना को इस मामले में जून 2011 में 5 लाख रुपए के बेल बॉन्ड पर जमानत मिली थी।

बलजीत कौर की पकड़ से न छूट पाया झपटमार

भास्कर न्यूज | कपूरथला

ग्रोवर कालोनी रहने वाली 35 साल की बलजीत कौर वीरवार सुबह गोपाल पार्क में रहने वाली सहेली सुमन की बीमार मां को देखने सिविल अस्पताल जा रही थी। मॉडल टाउन के पास पहुंची तो नकाबपोश दो बाइक सवारों ने उसके हाथ में पकड़ा पर्स छीन लिया।

बलजीत कौर

झपटमार

बलजीत ने पीछे बैठे युवक की बाजू पकड़ ली। युवक ने बलजीत को नीचे गिरा दिया बाइक चला रहा युवक नीचे उतरा और अपने साथी को बलजीत की पकड़ से छुड़वाने की कोशिश करने लगा।

इस पर बलजीत ने उसे भी दूसरे हाथ से कमीज से पकड़ लिया। किसी तरह बाइक चालक खुद को छुड़वा कर भाग निकला परंतु दूसरा अपने आप को महिला की चंगुल से नहीं छुड़वा पाया। देखते ही देखते कुछ लोग जमा हो गए उन्होंने युवक को काबू कर पीसीआर व थाना सिटी पुलिस को सूचित किया। पुलिस मौके पर पहुंच कर आरोपी को पकड़ कर थाने ले गई।

रणजीत के कुछ दोस्त हिरासत में लिए, ओवरडोज का शक

भास्कर न्यूज | कपूरथला

लार्ड कृष्णा पॉलिटेक्निकल कॉलेज के डिप्लोमा स्टूडेंट की मौत कैसे हुई, यह राज अभी तक पुलिस सुलझा नहीं पाई है। हालांकि पुलिस कुछ युवकों को राउंडअप किया है। वहीं मौत नशे के ओवरडोज से होने का शक भी बना है। रणजीत के नाना हरिदेव ने पुलिस को बताया था कि मंगलवार सुबह कॉलेज से पेपर देने के बाद वह अपनी बाइक पर यह कह निकला कि वह जालंधर स्थित अपनी मौसी रेणु के घर जा रहा है। देर रात तक भी जब वह घर नहीं आया तो उनके मोबाइल पर मैसेज आया कि वह जालंधर से फिल्म देखकर बाया करतारपुर घर को आएगा। बाद में उसके साथ फोन पर कोई संपर्क नहीं हो पाया। सुबह लाश गांव खोजेवाल के पास सड़क पर पड़ी मिली थी। पुलिस 36 घंटे बीत के बाद भी रणजीत की बाइक और मोबाइल का पता नहीं लगा पाई है। मेडिकल बोर्ड ने लाश का पोस्टमार्टम किया है। बोर्ड में शामिल एक डाक्टर ने अपना नाम न छापने की शर्त पर बताया कि छात्र के शरीर पर किसी प्रकार के चोट के निशान नहीं पाए गए हैं।

लेडी न हो तो भी रिजर्व रहेंगी आठ सीटें

चंडीगढ़ | कोई महिला यात्री हो या न हो, अब सीटीयू की लोकल बसों में आगे की आठ सीटें उनके लिए रिजर्व रहेंगी। यह सीटें खाली रहने पर भी पुरुष यात्री इन पर नहीं बैठ पाएंगे। कंडक्टर, ड्राइवर व चेकिंग स्टाफ को यह सुनिश्चित करना होगा कि इन सीटों पर सिर्फ महिलाएं ही बैठें। ट्रांसपोर्ट डिपार्टमेंट ने वीरवार को यह फैसला लिया है।

लोकल रूट पर चल रही सीटीयू की सभी 280 बसों में यह व्यवस्था तुरंत प्रभाव से लागू कर दी गई है। ट्रांसपोर्ट डिपार्टमेंट के मुताबिक यह सीटें पहले से ही महिलाओं के लिए रिजर्व हैं। इसके बावजूद पुरुष यात्री इन पर बैठ जाते हैं, महिलाओं को अपनी सीट नहीं मिल पाती। ऐसे में कई बार बस में भीड़ होने की वजह से महिलाओं से छेड़छाड़ की घटनाएं भी होती हैं। ऐसी स्थिति से बचने के लिए ही नई व्यवस्था लागू की गई है।